Published Date:	2 Aug 2023	Publication:	Dainik Jagran (Hindi) [New Delhi]
Journalist:	Bureau	Page No:	1
Circulation:	312,224		

बिजली आपूर्ति के लिए एम्स ने लगाया सौर ऊर्जा प्लांट

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने बिजली आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए सोलर एनर्जी प्लांट की शुरुआत की है। मंगलवार को एम्स परिसर में नौ किलोवाट का प्लांट लगाया गया। इसे निजी भागीदारी की
1 मदद से लगाया गया है। इससे हर वर्ष 13140 यूनिट बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा। आपातकालीन स्थितियों से निपटने में यह प्रयास कारगर साबित होगा। एम्स के निदेशक के आवास की छत पर इस प्लांट को स्थापित किया गया है। इस मौके पर एम्स और इंडियन रिनेवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (आइआरईडीए) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए।

आइआरईडीए के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते एम्स के निदेशक डा. एम श्रीनिवास और आइआरईडीए के अध्यक्ष पीके दास ● सौजन्य एम्स

प्लांट का उद्घाटन एम्स के निदेशक डा. एम श्रीनिवास व भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड के चेयरमैन पीके दास ने किया। जैक्सन ग्रुप के सहयोग से इसकी स्थापना की गई है। इस मौके पर एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास ने कहा, पर्यावरण से जुड़े हमारे उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में छत पर लगाया गया सोलर प्लांट महत्वपूर्ण कदम है। हम न केवल अपने परिचालन को बेहतर बनाने में, बल्कि बड़े पैमाने पर पर्यावरण के हित में योगदान देने के लिए भी ग्रीन एनर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचान रहे हैं। इसकी शुरुआत से संस्थान को काफी लाभ होगा। गौरतलब है कि बीते दिनों बिजली कट जाने के कारण एम्स में सर्जरी पर प्रभाव पड़ा था। ओपीडी में मरीजों को परेशान होना पड़ा था। रेडिएशन थेरेपी तक बंद करनी पड़ गई थी।

Display: 2/2